

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

**कृति सेनन का आज भी अपने पिता के साथ ज्वाइंट बैंक खाता**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 145 | रविवार, 25 अगस्त 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

# उल्हासनगर में साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई



- पिंपरी-चिंचवड़ साइबर सेल ने की कार्रवाई
- उल्हासनगर निवासी आरोपी गिरफ्तार
- 20 लाख की ठगी का मामला
- ठगी मामले में दो आरोपी फरार

**उल्हासनगर.** पिंपरी चिंचवड़ साइबर सेल ने उल्हासनगर में साइबर अपराध के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. देहू रोड के एक व्यक्ति से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 20 लाख 24 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। इस अपराध में मुख्य आरोपी की मदद करने वाले उल्हासनगर निवासी अजयराज किशनलाल आर्य को पुलिस ने हिरासत में लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी ने शिकायतकर्ता का विश्वास हासिल करने के लिए उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल किया और लालच देकर शेयर ट्रेडिंग में फंसाने का कार्य किया। शिकायतकर्ता ने अलग-अलग बैंक खातों में से 20 लाख 24 हजार रुपये का भुगतान करने के लिए मजबूर किया गया। इस मामले में देहूरोड थाने में मामला दर्ज किया गया था. साइबर सेल द्वारा इस अपराध की समानांतर जांच चल रही थी. जांच के दौरान पता चला कि आरोपियों ने धोखाधड़ी के लिए अलग-अलग बैंक खातों का इस्तेमाल किया था. इस मामले में तकनीकी जानकारी के आधार पर उल्हासनगर से अजयराज आर्य को हिरासत में लिया गया. आर्य ने पुलिस के दबाव में यह स्वीकार किया कि उसने अपने सहयोगियों परमान साजिद अली खान और निखिल सेलवानी के कहने पर बैंक खाता उपलब्ध कराया था। यह भी पाया गया कि उन्हें फर्जी फंड से भुगतान प्राप्त हुआ था। आर्य को आगे की जांच के लिए देहु रोड पुलिस को सौंप दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त विनय कुमार चौबे, सह आयुक्त डॉ. शशिकांत महावरकर, अपर आयुक्त वसंत परदेशी, उपायुक्त संदीप डोईफोडे, सहायक आयुक्त डॉ. विशाल हिरे के मार्गदर्शन में पुलिस निरीक्षक रविकिरण नाले, सहायक निरीक्षक प्रवीण स्वामी और उनकी टीम ने यह कार्रवाई की.



**उल्हासनगर मनपा के नये आयुक्त तथा प्रशासक विकास ढाकणे को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए भाजपा नेता अजित सिंह लबाना.**

# काली पट्टी बांधकर MVA का प्रदर्शन

**बदलापुर यौन अत्याचार कांड**

## हाई कोर्ट के आदेश के बाद राज्यव्यापी बंद खारिज



**उल्हासनगर.** बदलापुर अत्याचार मामले ने पूरे राज्य को हिलाकर रख दिया है. इस पृष्ठभूमि में, महाविकास अघाड़ी ने इस क्रूर घटना के खिलाफ आज राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया था। हालाँकि, हाई कोर्ट द्वारा महाराष्ट्र बंद को खारिज करने के बाद, अघाड़ी ने राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन आयोजित किए। उल्हासनगर में महाविकास अघाड़ी के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को काले झंडे और काले रिबन लहराकर इस घटना का कड़ा विरोध किया।

उल्हासनगर के कैंप 4 में धर्मवीर आनंद दिघे प्रवेश द्वार, श्रीराम चौक क्षेत्र आज महाविकास अघाड़ी कार्यकर्ताओं से खचाखच भरा हुआ था। इस आंदोलन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष रोहित सालवे, शिवसेना उबाठा गुट के उप शहर प्रमुख दिलीप मिश्रा समेत भारी संख्या पुरुषों के साथ महिलाओं और लड़कियों ने भी हिस्सा लिया. काले झंडे लहराकर और काले फीते बांधकर प्रदर्शनकारियों ने अपना असंतोष व्यक्त किया. लाडली बहन योजना नहीं, सुरक्षित बहन चाहिए, बच्चे को न्याय दो, हत्यारे को फाँसी दो, युवती जागो, रक्षा में शामिल हो जाओ, पूरे क्षेत्र में जोरदार नारे गूंज उठे।

उबाठा गुट के कल्याण जिला प्रमुख धनंजय बोडारे ने आंदोलन के दौरान महागठबंधन सरकार की कटु आलोचना की. उन्होंने कहा, कि महायुति सरकार के लिए काम करने वाले वकील गुणरत्न सदावर्ते का महाराष्ट्र बंद के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाने का कदम बेहद निंदनीय है। यह स्पष्ट है कि उनकी कार्रवाई सरकार के हाथ को मजबूत करने का एक प्रयास है। साथ ही, अगर आजादी से पहले ऐसी कोई अदालत होती तो हमें कभी आजादी नहीं मिलती। इस समय उन्होंने ऐसी आलोचना भी की. उल्हासनगर में हुए तीव्र विरोध प्रदर्शन ने एक बार फिर महिला सुरक्षा का मुद्दा सामने ला दिया है. बदलापुर बलात्कार मामले ने समाज में महिलाओं की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है। इस आंदोलन से उल्हासनगर शहर का माहौल गरमा गया है और महाविकास अघाड़ी ने एक बार फिर महिला सुरक्षा के मुद्दे को गंभीरता से लेने की बात साफ की है. महाविकास अघाड़ी के इस आंदोलन से राज्य के राजनीतिक माहौल में गुस्से का तूफान खड़ा हो गया है. सरकार के खिलाफ उठी इस आवाज पर क्या प्रतिक्रिया आती है ये देखना अहम होगा. इस आंदोलन ने महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के महत्व को फिर से उजागर किया है।

## अंबरनाथ में भी मूक आंदोलन



यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शनिवार को महाविकास आघाड़ी घटक पक्ष द्वारा बदलापुर में हुए दो मासूम बच्चियों के साथ हुए लैंगिक अत्याचार के निषेध में मुंह पर काली पट्टी बांधकर मूक आंदोलन किया गया. जिसमें कांग्रेस शहराध्यक्ष एड. कृष्णा रसाल पाटिल, उबाठा शिवसेना शहर विधानसभा अध्यक्ष राजेश वानखेड़े, रेशमा काले, छोटू काले व अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित थे.

विदित हो कि 23 अगस्त को बदलापुर कांड को लेकर महाविकास आघाड़ी द्वारा बंद की घोषणा की गई थी. लेकिन शाम में हाईकोर्ट का निर्णय आया कि किसी भी पक्ष द्वारा शहर बंद की घोषणा नहीं कर सकता. उस पर कड़ी कार्रवाई करने के आदेश कोर्ट द्वारा दिए जाने के बाद 23 की रात में महाविकास आघाड़ी के नेताओं ने महाराष्ट्र बंद का वापस लिया और मुंह पर काली पट्टी बांध कर 24 अगस्त को प्रदर्शन करने को कहा. वरिष्ठों के आदेश पर अंबरनाथ और बदलापुर में मुंह पर काली पट्टी बांधकर मूक आंदोलन किया गया. शहर पूर्व शिवाजी चौक पर पुलिस का कड़ा बंदोबस्त रखा गया था. 24 अगस्त शनिवार दोपहर में भारी बरसात के बीच अंबरनाथ पुलिस द्वारा सीआरपीएफ के जवानों को लेकर वाहनों में बैठ कर लाँग मार्च किया गया.

# रेल रोको : 36 आंदोलनकारियों को मिली की जमानत

**उल्हासनगर.** बदलापुर के एक निजी स्कूल में यौन उत्पीड़न की घटना के बाद स्कूल में तोड़फोड़ करने और रेलवे स्टेशन पर ट्रेन रोकने वाले 36 आरोपियों को कोर्ट ने जमानत दे दी है. उक्त जानकारी एड. प्रवीण अटकले ने दी. उन्होने बताया 10 लोगों को 15,000 रुपये की निजी जमानत पर रिहा कर दिया गया।



उल्हासनगर के वकीलों की एक टीम ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों का अदालत में निःशुल्क प्रतिनिधित्व किया। पुलिस और सरकारी अभियोजकों ने गिरफ्तार प्रदर्शनकारियों की 10 दिनों की पुलिस हिरासत मांगी थी। हालाँकि, सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत दे दी गई क्योंकि वकीलों ने आक्रामक दलील दी। इसलिए वकीलों का कहना है कि आंदोलनकारियों की जमानत जल्द होगी. पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए 36 लोगों में से 10 को कोर्ट ने बुधवार देर शाम जमानत दे दी.

### आंदोलनकारियों का रखा पक्ष

शुक्रवार को 36 लोगों को जमानत दे दी गई. उल्हासनगर एड. उमेश केदार, एड. कल्पेश माने, एड. प्रवीण अटकले, एड. कल्पेश माने, एड. संजय सोनवणे, एड. जय गायकवाड, एड. जय शिरसाट, एड. संजय सूर्यवंशी, एड. सत्यम पिल्ले, एड. प्रकाश खाड़े, एड. राहुल बनकर व अन्य की टीम ने कोर्ट में आंदोलनकारियों का प्रतिनिधित्व किया.

### गिरफ्तारी के डर से कई भूमिगत

बदलापुर पुलिस ने स्कूल के सामने और शहर में विरोध प्रदर्शन करने वाले 1300 से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया. पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है. कहा जाता है कि आंदोलन में भाग लेने वाले कई लोग गिरफ्तारी के डर से भूमिगत हो गये थे.

# बदलापुर में दही हांडी गतिविधियां रद्द

**बदलापुर.** दही हांडी उत्सव आ गया है। हालाँकि, बदलापुर साउंड एसोसिएशन ने बदलापुर में दो स्कूली बच्चों पर अत्याचार की घटना के विरोध में अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष त्योहार नहीं मनाने का फैसला किया है। उन्होंने दहीहांडी उत्सव के अवसर पर लिए गए कार्यों को रद्द कर दिया है. जिसे लेकर बदलापुर थाना क्षेत्र में बैनर लगा दिया गया है.




कुछ दिन पहले बदलापुर के एक नामी स्कूल में दो बच्चों के साथ स्कूल के सफाई कर्मचारी ने छेड़छाड़ की थी. इस घटना से बदलापुर शहर सुलग रहा है. इसका माहौल अभी साफ नहीं हुआ है और दही हांडी उत्सव सामने है. बदलापुर शहर में भी दही हांडी उत्सव सादगीपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा.

लेकिन पहले ही बदलापुर साउंड एसोसिएशन ने फैसला सुनाकर जगह-जगह अपने बैनर लगा दिए हैं. उन्होंने दहीहांडी के साउंड प्रोफेशनल के तौर पर लिए गए सारे काम रद्द कर दिए हैं. स्टेशन क्षेत्र में लगे बैनरों को सभी उत्सुकता से पढ़ रहे हैं और यह भावना व्यक्त कर रहे हैं कि हम भी सहमत हैं।

# 35 युवा 6 माह तक उल्हासनगर महानगर पालिका में करेंगे काम

**उल्हासनगर.** मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण के तहत मनपा कुल स्वीकृत पदों में से पांच फीसदी यानी 162 पदों पर भर्ती करने जा रही है. अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने बताया कि इनमें से 35 को नियुक्ति पत्र दे दिये गये हैं.

मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षु के रूप में अनुभव प्रदान करने के लिए नियुक्ति छह महीने के लिए होगी। इसकी कार्यवाही शुरू कर दी गई है और 22 अगस्त को 35 लोगों को नियुक्ति पत्र दे दिया गया है. सरकार की नीति के अनुसार पहले आओ पहले प्राथमिकता के आधार पर युवाओं को प्रशिक्षु के रूप में नियुक्त किया जाता है। मनपा आयुक्त विकास ढाकने, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर और किशोर गावस ने इस योजना के तहत ऑनलाइन पंजीकरण में कठिनाइयों के कारण सामान्य प्रशासन विभाग में ऑफ़लाइन आवेदन जमा करने की अपील की है.



प्रशिक्षुओं को नियुक्ति तिथि से 6 माह तक डीबीटी मासिक रूप से ऑनलाइन माध्यम से सीधे बैंक खाते में दी जाएगी। 12वीं पास युवाओं को 6,000 रुपये, ग्रेजुएशन को 8,000 रुपये, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट को 10,000 रुपये मिलेंगे।

### शैक्षिक योग्यता के अनुसार प्रोफाइल तैयार करें

महास्वयं रोजगार पोर्टल पर सभी विभागों जैसे निर्माण, जल आपूर्ति, बिजली विभाग, नगर नियोजन विभाग, आईटी विभाग, कानूनी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, सुरक्षा गार्ड विभाग, संपत्ति विभाग, वृक्ष प्राधिकरण विभाग आदि में शैक्षणिक योग्यता के अनुसार प्रोफाइल तैयार किए गए हैं। . मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के लिए प्रत्येक वार्ड में आवेदन पत्र वितरित कर दिये गये हैं।

# उल्हासनगर-2 में धूमधाम से मटकी मेला संपन्न



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-2 स्थित परसराम झूलेलाल मंदिर में कल चालीहा पर्व की धूमधाम से समाप्ति हुई। इस मटकी मेले में हजारों की संख्या में लाल साईं भक्तों ने पूजा अर्चना कर सिर पर मटकी उठाकर पवित्र जल में विसर्जन कर अपना 40 दिनों का व्रत समाप्त किया। भाऊ लीलाराम की उपस्थिति में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी गई। मटकी मेले के साथ शहर में भव्य जुलूस भी निकाला गया। भारी बरसात के बावजूद इस चालीहा मेले का जोश लाल साईं भक्तों में कम नहीं हुआ।



### अगले 48 घंटों में भारी बारिश की चेतावनी

**उल्हासनगर.** लगभग एक पखवाड़े की बेरुखी के बाद मानसून एक बार ठाणे एवं आस-पास के इलाकों में सक्रिय हुआ है. शुक्रवार की रात शुरू हुई बारिश की वजह से कई इलाकों में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा. ठाणे एवं मुंबई को जलापूर्ति करने वाले जलाशय क्षेत्र में भी अच्छी बारिश हो रही है जिसकी वजह से जलाशयों का जलस्तर बढ़ रहा है. मौसम विभाग ने अगले 48 घंटों में ठाणे एवं आसपास के इलाकों में मुसलाधार बारिश की संभावना जतायी है. मौसम विभाग की तरफ से 26 अगस्त तक के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. ठाणे जिले के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में शुक्रवार की रात से शुरू हुई एवं शनिवार को सुबह जोरदार बारिश की वजह से कई स्थानों पर पानी भर गया.

# अंबरनाथ में दही हांडी उत्सव सादगी से मनाएं



**अंबरनाथ.** दही हांडी उत्सव नजदीक है. अंबरनाथ में लगभग सभी पक्ष द्वारा धूमधाम से दहीकाला उत्सव मनाया जाता है. अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस के खजांची गोपाल राय ने सामाजिक बंधनों को देखते हुए और पड़ोसी शहर बदलापुर में जो दिल दहला देने वाली घटना हुई है, दो बच्चियों के साथ जो अत्याचार हुआ है, उसके निषेध में शहर के सभी पक्ष के नेताओं से उन्होंने अपील की है कि वह इस वर्ष दही हांडी का त्यौहार ना मनाएं और डीजे साउंड का इस्तेमाल ना करें. उनका ये भी कहना है कि पड़ोस का शहर बदलापुर इस घटना से अभी उभरा नहीं है. एक पड़ोसी की हैसियत ते हमें ये उत्सव नहीं करना चाहिए, ऐसी उनकी सोच है.

विदित हो कि हर वर्ष शहर पूर्व और पश्चिम, राकांपा, शिवसेना, कांग्रेस, भाजपा व अन्य पक्ष की ओर से दही हांडी पर्व जोरदार तरीके से एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में जोरदार आवाज में डीजे की धुन पर दही हांडी उत्सव मनाया जाता है. जिसमें पक्ष के बड़े नेता भाग लेते हैं. बदलापुर में डीजे साउंड सिस्टम वालों ने ये निर्णय लिया है कि वह दही हांडी में अपना साउंड सिस्टम नहीं लगाएंगे. कुछ ने ये घोषणा भी की है कि बदलापुर घटना की पार्श्वभूमि पर इस वर्ष दही हांडी उत्सव नहीं मनाएंगे. अब अंबरनाथ से कांग्रेस के गोपाल राय ने विनती की है कि इस वर्ष डीजे की धुन पर पर्व को ना मनाएं.

# उल्हास नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए आंदोलन

**कल्याण.** रक्षाबंधन और नारली पूर्णिमा के अवसर पर, 'मी कल्याणकर' सामाजिक संगठन के अध्यक्ष और पूर्व नगरसेवक नितिन निकम, पूर्व नगरसेवक उमेश बोरगांवकर, कैलास शिंदे और 'मी कल्याणकर' सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने उल्हास नदी में नारियल और फूल चढ़ाए और ईश्वर से नदी को बचाने की शक्ति देने का आशीर्वाद मांगा.

उल्हास नदी के प्रदूषण को देखते हुए नितिन निकम ने घोषणा की है कि उल्हास नदी को बचाने के लिए बिना पानी पिए पानी के बीच विरोध प्रदर्शन किया जाएगा. उल्हास नदी में रासायनिक अपशिष्ट जल, मलमूत्र, कई मृत छोटे जानवर अभी भी सीवेज नाले के माध्यम से बिना किसी उपचार के नदी में छोड़े जा रहे हैं। रात के अंधेरे में इस नदी में कई केमिकल टैंकर छोड़े जाते हैं. उल्हास नदी अत्यधिक प्रदूषित है। ठाणे जिले के लगभग एक करोड़ नागरिक उल्हास नदी का पानी पीते हैं। नितिन निकम और उनके सहयोगी कई वर्षों से उल्हास नदी के संरक्षण के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

इन सबके बावजूद कल्याण-डोंबिवली मनपा और उल्हासनगर मनपा के संबंधित अधिकारी इस गंभीर मुद्दे की अनदेखी कर रहे हैं। इसके चलते संबंधित नदियों में छोड़े जाने वाले तीनों गंदे नालों को तुरंत बंद किया जाए या उपाय किए जाएं। नितिन निकम ने कहा कि नदी को साफ किया जाना चाहिए और इस गंभीर समस्या की अनदेखी करने वाले संबंधित अधिकारियों को निलंबित किया जाना चाहिए और नदी की सुरक्षा के लिए नितिन निकम 29 अगस्त को अपने जन्मदिन से पानी में, बिना पानी पिए विरोध करेंगे.

# पिछले 5 महीनों में महिलाओं से यौन उत्पीड़न के 146 मामले

**ठाणे.** पिछले कुछ महीनों से ठाणे जिले में महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न और छेड़छाड़ के मामलों में लगातार वृद्धि हुई है और पिछले पांच महीनों में ठाणे से लेकर बदलापुर और भिवंडी तक यौन उत्पीड़न के 146 मामले दर्ज किए गए हैं। और छेड़छाड़ के 253 मामले सामने आए हैं. इन घटनाओं से महिला सुरक्षा का मुद्दा सामने आ गया है.

बदलापुर में दो छोटी बच्चियों से दरिंदगी की घटना सामने आई है. इस घटना के बाद गुस्साए बदलापुरवासियों ने एकजुट होकर ट्रेन रोककर विरोध प्रदर्शन किया. इस घटना के बाद जिले में महिला सुरक्षा का मुद्दा भी उठ गया है. जुलाई महीने में शिलफाटा के एक मंदिर परिसर में मंदिर के तीन सेवकों ने एक महिला का यौन उत्पीड़न किया और उसकी हत्या कर दी. उस समय नवी मुंबई के नागरिकों ने सार्वजनिक आक्रोश व्यक्त किया था। यह मामला ताजा था तो उरण में एक युवती की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी. जिले में लगातार महिला उत्पीड़न की घटनाएं होने से नागरिकों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है।



**5 माह के आंकड़े**

| माह | उत्पीड़न | बलात्कार |
|---|---|---|
| मार्च | 35 | 62 |
| अप्रैल | 36 | 42 |
| मई | 25 | 58 |
| जून | 25 | 51 |
| जुलाई | 25 | 37 |
| कुल | 146 | 253 |

ठाणे से बदलापुर और भिवंडी तक शहर ठाणे सिटी कमिश्नरेट के अंतर्गत आते हैं। ठाणे शहर आयुक्तालय क्षेत्र में 1 मार्च से 31 जुलाई तक महिलाओं पर यौन उत्पीड़न के 146 मामले सामने आए हैं। तो बलात्कार के 253 मामले सामने आए हैं. पिछले साल भी इसी अवधि में यौन उत्पीड़न के 148 मामले सामने आए थे. जिले के अन्य कमिश्नरी इलाकों में भी यही स्थिति है.

# आईटीआई महकमा जांच के घेरे में

## भंगार टेंडर में भंगार माफियाओं से मिलकर हेराफेरी का आरोप

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ आईटीआई का महकमा जांच के घेरे में आ गया है. हाल ही में आईटीआई की पुरानी मशीनों के भंगार का टेंडर प्रसिद्ध किया गया था. 13 अगस्त को आईटीआई के बाहर भंगार विक्रेताओं का जमावड़ा हो गया था. भंगार माफिया और आईटीआई की प्रबंधक की मिलीभगत से सरकार को लाखों रुपए का चूना लगाने का प्लान तैयार हो रहा था.

सूत्रों के अनुसार भंगार टेंडर को लेने के लिए अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण, ठाणे, कुर्ला, मुंबई से लगभग 120 से ज्यादा भंगार वाले 13 अगस्त को जमा होकर लाखों रुपए का भंगार के लिए चैन बनाकर आपस में सभी को कैसे फायदा होगा और सरकार से आईटीआई का ये भंगार किस प्रकार कम दाम में लें, उसके लिए भंगार वाले रिंग सिस्टम बना रहे थे. आईटीआई के बाजू की सड़क पर एक होटल के बाहर एक रिक्शा में चैन सिस्टम के लिए लिखा पढ़ी हो रही थी. इतमें में शहर के कुछ पत्रकार वहां पर पहुंच गए और ये भेद खुलने के बाद विधायक किणीकर ने तुरंत आईटीआई प्रिंसीपल जाधव से बात की और कहा कि वह आईटीआई के लिए सरकार से करोड़ों की निधि प्राप्त करके देते हैं, लेकिन भंगार टेंडर से और भंगार विक्रेताओं, आईटीआई अधिकारी की मिलीभगत से सरकार को नुकसान हो सकता है. उन्होंने इस टेंडर पर आक्षेप लिया है. जानकारी ये भी मिली है कि उल्हासनगर के एक भंगार विक्रेता का इस टेंडर हेराफेरी में बहुत बड़ा हाथ है, ऐसी हमें जानकारी मिली है.



---------

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## शंभू सीमा पर अवरोध की सीमा

करीब छह महीने से शंभू सीमा पर चल रहे किसानों के आंदोलन और उनकी मांगों पर अब तक कोई सहमति नहीं बन पाई है, तो यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है कि सरकारी तंत्र को इसकी कितनी फिक्र है। जो काम सरकार को खुद अपनी ओर से करना चाहिए था, किसानों से संवाद करके शंभू सीमा को खोलने से लेकर अन्य मसलों पर सहमति बनाने की कोशिश करनी चाहिए थी, उसका रास्ता अदालत को बनाना पड़ रहा है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह किसानों की शिकायतों का 'हमेशा के लिए' सौहार्दपूर्ण समाधान करने के लिए जल्द ही एक बहुसदस्यीय समिति का गठन करेगा।

गौरतलब है कि शीर्ष अदालत पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली हरियाणा सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें उसे अंबाला के पास शंभू सीमा पर लगाए गए अवरोधकों को एक हफ्ते के भीतर हटाने के लिए कहा गया था। वहां प्रदर्शनकारी किसान इस वर्ष की फरवरी से अपनी मांगों के साथ डेरा डाले हुए हैं।

यह विचित्र है कि कुछ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य सहित अन्य कुछ मांगों का मसला इतना जटिल मान लिया गया है कि किसानों को इसके लिए छह महीने से सड़क पर धरना देना पड़ रहा है। हालांकि इससे पहले सरकार के साथ एक बैठक के बाद किसान राजमार्ग को आंशिक रूप से खोलने पर सहमत हो गए थे। इस सिलसिले में शीर्ष अदालत ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों से कहा कि वे किसानों के साथ संवाद का रास्ता अपनाएं और उन्हें राजमार्ग से अपने ट्रैक्टर और ट्रालियां हटाने के लिए राजी करें। मगर अब भी इससे संबंधित मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बन पाई है, तो निश्चित रूप से यह सरकार की नाकामी ही कही जाएगी।

यह समझना मुश्किल नहीं है कि इतने लंबे समय से शंभू सीमा पर एक व्यस्त सड़क के अवरुद्ध होने से आम लोगों को कैसी दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा। सरकार के सामने यह प्राथमिक सवाल होना चाहिए था कि वह किसानों की मांगों पर विचार करते हुए, बिना देरी किए वहां आवाजाही को सामान्य बनाने पर सहमति बनाती।

# चिंता : क्या मंकी पॉक्स महामारी में बदल सकता है?



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संक्रमण के बढ़ते मामलों और इसके आगे फैलने की आशंका के बाद एमपॉक्स को अंतरराष्ट्रीय चिंता की दृष्टि से सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है। इससे इसके प्रति समन्वित अंतरराष्ट्रीय प्रतिक्रिया तथा इस संक्रामक रोग के प्रसार की रोकथाम के लिए टीके और जांच जैसे उपायों की आवश्यकता उत्पन्न हो गई है। लेकिन डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को महामारी घोषित नहीं किया है, बल्कि उसने ये कदम इसे महामारी बनने से रोकने के लिए उठाए हैं।

एमपॉक्स, जिसे मंकी पॉक्स के नाम से जाना जाता है, चेचक से मिलता-जुलता एक वायरल संक्रमण है। शुरुआती लक्षणों में बुखार, सिरदर्द, लिम्फ नो की सूजन और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं। इसके बाद चेहरे, हाथों और पैरों पर एक खास तरह के दाने निकल आते हैं।

कुछ अफ्रीकी देशों में एमपॉक्स के फैलने के कारण अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्रों ने हाल ही में एमपॉक्स को महाद्वीपीय सुरक्षा के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया। वर्ष 2017 में अपनी स्थापना के बाद से पहली बार इस संगठन ने ऐसी चेतावनी जारी की है। मध्य अफ्रीका के कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थिति एक वर्ष से अधिक समय से चिंताजनक बनी हुई है।


एमपॉक्स के दो प्रकार या क्लेड हैं। पश्चिमी अफ्रीका में उत्पन्न होने वाला क्लेड II कम गंभीर है। इसकी मृत्यु दर एक फीसदी तक है यानी इससे लगभग 100 में से एक व्यक्ति की मृत्यु की आशंका है। लेकिन मध्य अफ्रीका में उत्पन्न क्लेड I की मृत्यु दर 10 फीसदी तक है यानी दस में से एक की मृत्यु। इसकी तुलना सार्स-कोव-2 के ओमिक्रॉन वैरिएंट के 0.7 फीसदी मृत्यु दर से की जा सकती है, जो कोविड का कारण बनने वाला वायरस है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में अधिक घातक क्लेड I एमपॉक्स का भारी संक्रमण देखा जा रहा है।

एमपॉक्स मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में अक्सर फैलता है, जहां यह वायरस जानवरों में पाया जाता है और मनुष्यों में फैल सकता है। वर्ष 2017 से इसका प्रकोप बढ़ रहा है, और यह मनुष्य से मनुष्य में फैल रहा है। इसका एक कारण यह भी है कि एमपॉक्स वायरस के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम है, जो चेचक के वायरस से संबंधित है। चेचक के खिलाफ बड़े पैमाने पर टीकाकरण 40 साल से भी पहले वैश्विक स्तर पर बंद हो गया था, जिसके चलते आज लोगों में एमपॉक्स के प्रति प्रतिरोधक क्षमता बहुत कम है।

इस सप्ताह डब्ल्यूएचओ ने जो घोषणा की है, वह क्लेड I से संबंधित है। न केवल इसकी मृत्यु दर अधिक है, बल्कि इसमें नए म्यूटेशन (उत्परिवर्तन) भी होते रहते हैं, जो लोगों के बीच प्रसार को बढ़ाते हैं। ये बदलाव, और एमपॉक्स के प्रति वैश्विक प्रतिरक्षा की कमी दुनिया के लोगों को वायरस के प्रति संवेदनशील बनाती है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में परीक्षण क्षमता कम है, अधिकांश मामलों की प्रयोगशाला जांच द्वारा पुष्टि नहीं की जाती है।

वायरस अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैल रहा है। पिछले महीने में, वायरस कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य के साथ सीमा साझा करने वाले देशों-रवांडा और बुरुंडी में फैल गया है। यह केन्या और युगांडा जैसे अन्य पूर्वी अफ्रीकी देशों में भी फैल गया है। इनमें से किसी भी देश में पहले एमपॉक्स के मामले नहीं थे। एक-दूसरे से जुड़ी हुई गतिशील दुनिया में संक्रमण के मामले अन्य महाद्वीपों तक फैल सकते हैं, जैसा कि 2018 में एमपॉक्स नाइजीरिया से ब्रिटेन और अन्य देशों तक फैल गया था।

चूंकि एमपॉक्स वायरस और चेचक वायरस एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं (वे दोनों ऑर्थोपॉक्सवायरस हैं), चेचक के टीके एमपॉक्स के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करते हैं। इन टीकों का उपयोग 2022 क्लेड IIb महामारी को नियंत्रित करने के लिए किया गया था। लेकिन दुनिया के अधिकांश लोगों को कभी भी टीका नहीं लगाया गया है, और उनमें एमपॉक्स के प्रति कोई प्रतिरक्षा नहीं है। नया टीका (जिसे कुछ देशों में जिनेओस और अन्य में इम्वाम्यून या इम्वानेक्स कहा जाता है) प्रभावी है। हालांकि, इसकी आपूर्ति सीमित है और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में टीका दुर्लभ है।

संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

आइए हम अपने आध्यात्मिक स्वरूप की ओर ध्यान दें।
आइए हम अंतर में प्रभु की दिव्य ज्योति और श्रुति से संपर्क करें।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चौनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# अमन की राह में भारत के कदम

प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा से स्वाभाविक ही सबको काफी उम्मीदें थीं। खुद प्रधानमंत्री भी वहां रवाना होने से पहले काफी उत्साहित थे। उन्होंने कहा था कि वे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मिलने को लेकर उत्सुक हैं। जेलेंस्की ने बहुत गर्मजोशी से उनका स्वागत किया और वहां युद्ध की स्थितियों से उन्हें अवगत कराया। दोनों नेताओं के बीच बातचीत मुख्य रूप से युद्ध रोकने के उपाय तलाशने पर ही केंद्रित रही। यूक्रेन ने इच्छा जताई कि भारत शांति समझौते में सदा साथ रहे। हालांकि इस दौरान दोनों देशों ने चार समझौतों पर हस्ताक्षर भी किए।

### भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है

अधिकारियों ने बताया कि इन समझौतों से कृषि, खाद्य उद्योग, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग सुनिश्चित होगा। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा पर इसलिए भी दुनिया की निगाहें बनी हुई थीं कि शुरू से रेखांकित किया जा रहा है कि भारत ही रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग रुकवा सकता है। हालांकि भारत शुरू से ही दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों से बातचीत कर युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील करता रहा है। यूक्रेन रवाना होने से पहले भी प्रधानमंत्री ने कहा था कि यह दौर युद्ध का नहीं है, युद्ध से किसी समस्या का समाधान नहीं निकल सकता।

प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब हमले तेज हो गये हैं

यूक्रेन से पहले प्रधानमंत्री रूस भी गए थे। तब जेलेंस्की ने काफी नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति



पुतिन को दुनिया का सबसे बड़ा अपराधी बताते हुए उनसे भारतीय प्रधानमंत्री के गले मिलने की आलोचना की थी। मगर अब वे भारत के साथ संबंधों को प्रगाढ़ करने को लेकर उत्साहित नजर आए। प्रधानमंत्री की यूक्रेन यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब यूक्रेन ने रूसी इलाकों में हमले तेज कर दिए हैं। इसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि प्रधानमंत्री की अपीलों का यूक्रेन या फिर रूस पर कितना असर पड़ेगा। पहले भी कई मौकों पर प्रधानमंत्री पुतिन से फोन पर बातचीत करके या फिर आमने-सामने यूक्रेन पर हमले बंद करने की अपील कर चुके हैं।


पिछले दिनों रूस जाकर भी उन्होंने पुतिन से यही अपील की थी। मगर अभी तक ऐसा कोई मौका नजर नहीं आया, जब रूस ने भारत की अपील पर संजीदगी दिखाई हो। शंघाई शिखर सम्मेलन के दौरान आमने-सामने बातचीत के बाद लगा था कि पुतिन ने भारतीय प्रधानमंत्री की अपील को गंभीरता से लिया है, मगर वहां से लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे।रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का असर पूरी दुनिया पर पड़ा है। यूक्रेन में बड़ी संख्या में नागरिक मारे गए हैं, उसकी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। यूक्रेन का वाणिज्य और व्यापार बाधित हुआ है। वह चाहता तो है कि युद्ध विराम पर समझौता हो, मगर वह रूस की शर्तें मानने को तैयार नहीं है। रूस की शर्त है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता त्याग दे। दोनों में से कोई, किसी भी रूप में झुकने को तैयार नजर नहीं आता। ऐसे में बातचीत की मेज पर बैठने की सूरत बने भी तो कैसे, यही सबसे कठिन सवाल है।

भारत के लिए भी बातचीत का रास्ता निकालना आसान नहीं है। मगर प्रधानमंत्री की दोनों देशों की बारी-बारी से यात्रा और युद्ध का रास्ता छोड़ने की अपील से विश्व बंधुता का रास्ता तो बना ही है। उम्मीद की जाती है कि रूस और यूक्रेन थोड़ा लचीला रुख अपनाते हुए समझौते के लिए बीच के किसी रास्ते पर चलने को तैयार हो जाएं।

# इस गुड़िया में गुस्सैल दुल्हन का प्रेत! पुरुषों से करती है नफरत

जरा हट के

दुनिया में कई ऐसे हॉन्टेड वस्तुएं और जगहें हैं, जिनका वैज्ञानिक साक्ष्य तो नहीं है लेकिन, लोगों में भय जरूर रहता है। हॉलीवुड पैरानॉर्मल मूवी ऐनाबेल की तरह अमेरिका में एक प्रेत गुड़िया को लेकर कई डरावनी कहानियां हैं। इस गुड़िया के बारे में कहा जाता है कि इसमें धोखा खा चुकी दुल्हन की आत्मा है। इसे लोग ऐलिजाबेथ के नाम से जानते हैं। ऐसा दावा किया गया है कि यह अब तक 17 पुरुषों का कत्ल कर चुकी है। इस गुड़िया को साउथ यॉर्कशायर स्थित हॉन्टेड म्यूजियम में रखा गया था लेकिन अब महिला तांत्रिक ने इसे करीब एक लाख रुपए में खरीद लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, वह इनदिनों गुड़िया के अंदर प्रेत पर रिसर्च कर रही हैं। 37 साल की महिला तांत्रिक ली स्टीयर का कहना है कि जब उन्हें मालूम हुआ कि साउत यार्कशायर के रॉदरहैम स्थित हॉन्टेड ऑब्जेक्ट्स म्यूजियम में रखी प्रेत गुड़िया एलिजाबेथ के बारे में पता




लगा तो उन्होंने उसे 95 हजार रुपए में खरीद लिया। उनका कहना है कि गुड़िया में प्रेत का साया है और वह पुरुषों से नफरत करती है। अब तक उसने 17 पुरुषों को मार डाला है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार स्टीयर ने दावा किया कि गुड़िया ने कुछ लोग शारीरिक रूप से नुकसान भी पहुंचाया है। उनके साथी पर भी प्रेत गुड़िया ने हमला किया। उनका कहना है कि संग्रहायल में जांच के दौरान उनके 32 वर्षीय साथी कार्टर को गर्दन और पीठ पर जलन महसूस हुई। जब मैंने देखा तो पाया कि उनके गर्दन और पीठ पर खरोंच के निशान थे। ऐसा लगता है कि गुड़िया पुरुषों से नफरत करती है और उसके बारे में हमें पहले से पता है कि वह धोखा खाई हुई दुल्हन है। कार्टर को अब गुड़िया के पास जाने से भी डर लगता है। स्टीयर ने खुलासा किया कि प्रेत गुड़िया ने उन्हें कई बार अपनी मौजूदगी का अहसास कराया है। उसने कमरे का फायर अलार्म भी बजाया। कमरे के चारों ओर वस्तुओं को हिलाया। कमरे में एक इत्र की बोतल गिरा दी। इतना ही नहीं एलिजाबेथ ने वीडियो फुटेज में कैमरों की रिकॉर्डिंग भी गायब कर दी। डेली स्टार की एक रिपोर्ट के अनुसार, स्टीयर ने कहा कि गुड़िया के अंदर की आत्मा ईर्ष्या के कारण ऐसा कर रही होगी, क्योंकि संग्रहालय ने हाल ही में हॉरर फिल्म श्रृंखला द कॉन्ज्यूरिंग से एक प्रसिद्ध कलाकृति प्राप्त की है, जिसमें 'एनाबेले' नाम की एक प्रेतग्रस्त गुड़िया है।





जन्माष्टमी पर अगर आप चावल की खीर नहीं बनाना चाहते हैं, तो पनीर की खीर बनाकर लोगों का मुंह मीठा कर सकते हैं। पनीर की खीर ना सिर्फ स्वादिष्ट होती है बलकि हेल्दी भी मानी जाती है। यह 30 मिनट में बन कर तैयार हो जाएगी। यहां नोट करें इसकी आसान सी रेसिपी।इस खीर को बनाने के लिए आपको खास सामग्रियों की भी जरूरत नहीं होती और इसे बनाना भी बेहद आसान है। यह पनीर को गाढ़े दूध में उबालकर बनती है। यह ना सिर्फ दिवाली बलकि कसी भी त्योहार में बनाकर सर्व की जा सकती है।

# पनीर खीर बनाकर मुंह करें मीठा



**सामग्री :**

- 1 लीटर दूध (4 कप)
- 200 ग्राम पनीर
- 1/2 कप चीनी
- 10 केसर के धागे
- 1/2 चम्मच इलायची पाउडर
- 2 बड़े चम्मच कटे हुए मेवे

**विधि :**

सबसे पहले पनीर को कद्दूकस करके अलग रख लें। एक सॉस पैन में दूध डालें। केवल फुल क्रीम दूध का उपयोग करें। दूध को उबाल कर धीमी आंच पर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि यह लगभग आधा न रह जाए। अब चीनी डालें। फिर केसर के धागे डालें। इसे अच्छी तरह मिलाएं, फिर से कुछ मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं। कसा हुआ पनीर डालें। अच्छे से मिलाकर 2-3 मिनट तक पकाएं। ऊपर से इलायची पाउडर और मेवे डालें। अच्छी तरह मिलाएं और गैस को बंद कर दें। आपकी पनीर खीर तैयार है। इसे ठंडा या गर्म परोसें। यह खीर तभी स्वादिष्ट बनेगी जब आप इसमें फुल फैट वाला दूध प्रयोग करेंगे। आप चाहे तो गाय का दूध या पैकेट वाला दूध इस्तेमाल कर सकते हैं।

## आज का राशिफल

**मेषः** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में संतोष रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विरोध होगा।

**वृषभः** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। भाग्य का साथ मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। शारीरिक कष्ट संभव है।

**मिथुनः** अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बढ़ सकती है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। तनाव रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति की बातों में न आएं।

**कर्कः** यात्रा लाभदायक रहेगी। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धनहानि संभव है, सावधानी रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद से बचें। शत्रु शांत रहेंगे।

**सिंहः** धन प्राप्ति सुगम तरीके से होगी। नई योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने में रुझान रहेगा। मान-सम्मान मिलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि से मनोनुकूल लाभ होगा। घर में तनाव हो सकता है। शत्रु पस्त होंगे।

**कन्याः** व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेंगे। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। लंबित कार्य पूर्ण होंगे। प्रमाद न करें। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत का आशीर्वाद मिल सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। घर में अचानक कष्ट, तनाव व चिंता का वातावरण बन सकता है।

**तुलाः** पुराना रोग उभर सकता है। दूर से दुःखद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से अप्रसन्नता रहेगी। अपेक्षित कार्य विलंब से होंगे। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। किसी व्यक्ति विशेष की नाराजी झेलना पड़ेगी।

**वृश्चिकः** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। नौकरी में शांति रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग रहेगा। कार्य समय पर पूर्ण होंगे। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**धनुः** जल्दबाजी न करें। कोई समस्या खड़ी हो सकती है। शरीर शिथिल हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मकरः** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। मित्रों का सहयोग समय पर प्राप्त होगा। रुके कार्यों में गति आएगी।

**कुंभः** व्यवसाय ठीक चलेगा। जल्दबाजी से चोट लग सकती है। दूर से शोक समाचार मिल सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। थकान व कमजोरी रह सकती है।

**मीनः** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बेचैनी रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मोटापे से छुटकारा पाने फॉलो करें फिटनेस के ये 6 नियम



बढ़ता मोटापा आज हर दूसरे व्यक्ति के लिए एक बड़ी समस्या बनकर उभर रहा है। मोटापे से परेशान लोग अपना वजन कम करने के लिए कभी जिम तो कभी योग का सहारा लेने से पीछे नहीं हटते हैं। बावजूद इसके जिद्दी बैली फैट कम होने का नाम नहीं लेता है। ज्यादातर लोग इस बात को बखूबी जानते और मानते भी हैं कि जरूरत से ज्यादा मोटापा व्यक्ति के लिए कई अन्य गंभीर बीमारियों का खतरा पैदा कर सकता है। अगर आप भी समय रहते मोटापे और बीमारियों से दूर रहना चाहते हैं तो न्यूट्रिशनिस्ट से जानें वेट लॉस करने का क्या है फास्ट और असरदार तरीका।



**कम करें कैलोरी का सेवन-** वेट लॉस के दौरान कैलोरी का सेवन कम करने की सलाह दी जाती है। ऐसे में आप अपना वजन कम करने के लिए डाइट में कम कैलोरी वाले फू को शामिल करें। कम कैलोरी का सेवन करने से वेट लॉस में मदद मिल सकती है।

**अपनी हर मील में 20 ग्राम प्रोटीन जरूर रखें-** वेट लॉस के दौरान अपनी डाइट में कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन जरूर शामिल करें। याद रखें आपके वेट लॉस का आपकी मसल्स पर असर नहीं पड़ना चाहिए।

**रोजमर्रा के काम से ना करें परहेज-** वेट लॉस जर्नी के दौरान अपने रोजमर्रा के सभी काम करते रहें, जिसमें आपको लगता है आपकी बॉडी की एक्सरसाइज हो रही है। फिर चाहे वो फर्श पर पोछा लगाना हो या फोन पर बात करने समय टहलना,डांस करना,पालतू जानवर के साथ खेलना, योग, स्ट्रेचिंग और तैरना। इन सभी गतिविधियों को अपने रूटीन का हिस्सा जरूर बनाएं।

**पर्याप्त नींद-** आपकी नींद का कनेक्शन सीधा आपके वेट लॉस से जुड़ा हुआ है। ऐसे में मोटापा कम करने के लिए रोजाना 7 से 8 घंटे की पर्याप्त नींद जरूर लें। नींद की कमी की वजह से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बढ़ने लगता है, जिससे व्यक्ति को भूख ज्यादा लगती है और व्यक्ति ओवरइटिंग की वजह से मोटा हो जाता है। ऐसे में अच्छी नींद लेने से आपका मेटाबॉलिज्म बेहतर बना रहता है और भूख में कमी आती है।

**हर दिन ज्यादा वॉकिंग का लक्ष्य रखें-** वॉकिंग करने से भी आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं। ऐसा करते समय हर रोज पहले दिन से ज्यादा वॉक करने का लक्ष्य खुद के लिए रखें। इसके लिए आप शुरूआत धीरे-धीरे चलते हुए अपने रोजाना के कदम बढ़ाएं। इसके लिए आप फिटनेस ट्रैकर की मदद भी ले सकते हैं।

**पानी खूब पिएं-** पानी का सही मात्रा में सेवन भूख को शांत करके फूड क्रेविंग को भी कम करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं पानी पीने से कैलोरी बर्न करने के लिए मेटाबॉलिज्म को मदद मिलती है। हर व्यक्ति को रोजाना कम से कम 8 गिलास पानी पीने का लक्ष्य अपने लिए रखना चाहिए।

# इन टिप्स को फॉलो कर भरें बेजान रिश्ते में प्यार के रंग



**सास-बहू की बीच होने वाली तकरार अच्छे भले घर की नींव हिला कर रख देती हैं. यह रिश्ता जितना मधुर होता है, मैरिड लाइफ भी उतनी ही अच्छी चलती है. कहना गलत नहीं होगा कि एक बहू अपने पति से भी ज्यादा वक्त सास के साथ बिताती है. ऐसे में, सास के साथ रिश्ते बेहतर होने पर न सिर्फ पति घर को लेकर टेंशन फ्री रहते हैं, बल्कि दोनों एक-दूसरे से अपना सुख-दुख शेयर करके खुशहाल जिंदगी जी सकती हैं. ऐसे में, सास और बहू दोनों एक दूसरे की गलती निकाले बिना इन कुछ टिप्स को फॉलो करके बेजान दिख रहे रिश्ते में प्यार के रंग भर सकती हैं और घर में सुख-शांति का माहौल बना सकती हैं.**

**तुलना करने से बचें-** सास-बहू को एक दूसरे की तुलना करने की बहुत आदत होती है. लेकिन यह आादत अच्छे भले रिश्ते को खराब कर सकती है. सास अगर पड़ोसी की बहू से अपनी बहू को कंपेयर करती है या फिर बहू खुद को दूसरों की बहू की जगह रखकर ताने कसती है, तो इससे सामने वाले को लगता है कि आपके मन में उनकी कोई अहमियत ही नहीं है. ऐसे में यह करने से बचें.

**एक दूसरे की इज्जत करें-** एक दूसरे के मान-सम्मान का ख्याल रखें. कोशिश करें कि आपकी कही बात का तरीका ऐसा हो, जो सामने वाले के दिल को ठेस न पहुंचाए. क्योंकि हर छोटी बात पर एक दूसरे को ताने देने से पूरा घर का माहौल बिगड़ जाता है और बच्चों पर भी इन चीजों का बुरा असर पड़ता है.

**गलतफहमियां न पालें-** रिश्ते में आने वाली गलतफहमियों को नजरअंदाज करना या उन्हें लेकर अपने मन में राय बना लेना बिल्कुल भी सही नहीं होता है. ऐसे में, जरूरी है कि दोनों उन मुद्दों पर खुलकर बात करें, जो उन्हें हर्ट करते हैं. बात करने का तरीका भी अच्छा और प्यार भरा होना चाहिए, इसलिए सिर्फ अपनी कहने के बजाय सामने वाले को सुनने की भी आदत डालें.

**तारीफ करें-** एक बार आप किसी बाहर वाले के सामने एक दूसरे की तारीफ करके देखिए. इससे रिश्ते में प्यार और भरोसा बढ़ता है. जैसे कि सासू मां के बिना मेरा घर में मन ही नहीं लगता है, मम्मी होती हैं तो हर काम झटपट हो जाता है, सासू मां मुझे मायके की याद ही नहीं आने देतीं आदि. ऐसे ही सास बोल सकती हैं कि बहू मुझे एक पल भी अकेला नहीं छोड़ती, बहु नहीं होती तो पूरा घर फैल जाता है वगैरह-वगैरह.

**साथ वक्त बिताएं-** एक दूसरे के साथ शॉपिंग पर जाएं, घूमें फिरें और मौज मस्ती करें. इससे न सिर्फ आपके रिश्ते में प्यार और अपनापन बढ़ेगा बल्कि गलतफहमियों की भी जगह नहीं बचेगी. इस तरह आप नोंकझोंक के लिए माने जाने वाले इस रिश्ते को मां-बेटी या सहेली के रिश्ते में भी तब्दील कर सकते हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### राममंदिर निर्माण की गति धीमी, दिसंबर तक पूरा होना मुश्किल, मजदूरों की कमी बनी समस्या

**अयोध्या,** राम मंदिर निर्माण की प्रगति धीमी होने से श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र बेहद चिंतित है। तीर्थ क्षेत्र के निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने कहा है कि हमें दिसंबर तक मंदिर निर्माण कार्य पूरा करना है। ऐसे में श्रमिकों के अभाव में मंदिर निर्माण की अपेक्षित गति न मिल पाने से हम लक्ष्य से दूर होते जा रहे हैं। तीर्थ क्षेत्र के पदेन सदस्य व भवन-निर्माण समिति चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र ने बहुत साफ लफ्जों में कहा कि दिसम्बर 2024 तक राम मंदिर निर्माण पूरा करने के लिए श्रमिकों की संख्या कम है और बचे चार-पांच महीने में द्वितीय तल व शिखर का निर्माण पूरा करना संभव नहीं लगता है।

### दुष्कर्म का आरोपी डॉक्टर गिरफ्तार

**प्रयागराज,** धूमनगंज पुलिस ने युवती से दुराचार के आरोपी डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मूलरूप से मिर्जापुर का रहने वाला है। धूमनगंज थाने के उपनिरीक्षक आकाश यादव और गौरव सिंह की टीम ने आरोपी को कुंडा प्रतापगढ़ से पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक पिछले वर्ष धूमनगंज थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने छेड़खानी, मारपीट और दुष्कर्म की एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस के मुताबिक आरोपी प्रतापगढ़ में आयुर्वेद का डॉक्टर है।

### दहेज के लिए मारपीट करने और घर से निकालने वालों पर होगी कार्रवाई


**मुरादाबाद,** दहेज के लिए तीन बच्चों की मां को मारपीट कर घर से निकालने और उसके मायके में आकर भी उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। महिला के प्रार्थना पत्र पर डीआईजी मुरादाबाद ने थाना कांठ पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। थाना कांठ के ग्राम समदगढ़ सिकंदराबाद निवासी तबस्सुम पुत्री ताहिर हुसैन की शादी 12 साल पहले जिला बिजनौर के थाना नूरपुर क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर में एक व्यक्ति से मुस्लिम रीति रिवाज से हुई थी। शादी के बाद दो लड़की, एक लड़का समेत तीन बच्चे भी हैं। महिला का पति अपने पत्नी, बच्चों को छोड़कर पुणे में रहता है।

### वाराणसी में मुंबई की मराठी अभिनेत्री का अश्लील वीडियो वाराणसी से वायरल

**वाराणसी.** मुंबई की रहने वाली मराठी धारावाहिक की अभिनेत्री का अश्लील वीडियो वाराणसी से वायरल करने का मामला सामने आया है। वीडियो को वायरल करने के लिए यहां के चौक थाना क्षेत्र के एक होटल का वाईफाई इस्तेमाल किया गया था। मुंबई पुलिस ने होटल संचालक को इस बारे में नोटिस भेजा है। नोटिस मिलने के बाद से खलबली मची है। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि किसी गेस्ट ने वाईफाई का इस्लेमाल कर गंदी हरकत की है या होटल का ही कोई कर्मचारी इसमें शामिल है। अभिनेत्री ने पिछले अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद मुंबई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तभी से पुलिस पड़ताल में जुटी थी।

# यूक्रेन में पीएम मोदी को भी था खतरा!

- **SPG ने पहले ही बना लिया था बड़ा प्लान; कर दी थी किलेबंदी**



**कीव.** रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच पीएम मोदी का कीव दौरा बेहद अहम माना जा रह है। पीएम मोदी ने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ शांति को लेकर बात की। वहीं यह दौरा पीएम मोदी के लिए चुनौतीपूर्ण इसलिए भी था क्योंकि रूस से तेल आयात ना रोकने को लेकर यूक्रेन में भारत के प्रति एक असंतोष भी है। ऐसे में जब पीएम मोदी ओसिस के पीस पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करने पहुंचे तो उनकी सुरक्षा बेहद कड़ी की गई थी। स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (SPG) ने उनकी सुरक्षा की चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था पहले से ही कर रखी थी। एसपीडी ने पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए बुलेट रजिस्टैंट शील्ड लगाई थी। रूस से भारत के रिश्ते को लेकर यूक्रेनियों में असंतोष की जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय को पहले से ही थी। वहीं प्रधानमंत्री की टीम ने भारत विरोधी तत्वों की जानकारी भी एसपीजी को दे दी थी। ऐसे में पीएम मोदी की सुरक्षा के लिए डायरेक्टर एसपीजी आलोक शर्मा के नेतृत्व में कम से कम 60 एसपीजी कमांडो तैनात थे। भारतीय मूल के लोगों से मुलाकात के दौरान भी यह बात सामने आई। कई लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी से बताया कि रूस और भारत के संबंधों को लेकर यूक्रेनियों में नाराजगी है और यह गुस्सा वे यहां रहने वाले भारतीयों के साथ जाहिर करते हैं।

### किसी तरह के हमले को लेकर अलर्ट पर थी एसपीजी

जानकारी के मुताबिक कीव दौरे के समय एसपीजी की टीम 24 घंटे अलर्ट थी। पीस पार्क में पीएम मोदी के टहलने के दौरान भी स्नाइपर्स की आशंका थी। ऐसे में एसपीजी की टीम अलर्ट पर थी। समाचार चैनलों द्वारा जारी वीडियो में देखा जा सकता है कि इस पूरे इलाके में जवानों को तैनात कर दिया गया था और बीआर शील्ड लगा दी गई थी। पीएम मोदी जब पोलैंड वापस जाने के लिए ट्रेन में सवार हो गए तब एसपीजी की टीम को भी राहत मिली। पोलैंड से ही वह भारत के लिए रवाना हो गए। पीएम मोदी ने वोलोदिमिर जेलेंस्की से कहा कि शांति के लिए बातचीत जरूरी है और रूस के साथ बैठकर बिना समय गवाए बातचीत होनी चाहिए। युद्ध को खत्म करने का रास्ता तलाशना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, हम तटस्थ नहीं हैं। शुरू से ही हमने पक्ष लिया है। हम बुद्ध की धरती से आते हैं और इसलिए युद्ध को स्थान नहीं देते। उन्होंने कहा कि भारत यूक्रेन और रूस के बीच शांति वार्ता करवाने में अपनी भूमिका अदा करने को तैयार है। इसके अलावा पीएम मोदी ने व्यक्तिगत रूप से भी हस्तक्षेप करने का वादा किया।

# मोदी सरकार ने एक नई पेंशन स्कीम को दी मंजूरी

- **25 साल की नौकरी पर 50% पेंशन, NPS, OPS नहीं अब होगी UPS**

**दिल्ली.** बीजेपी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने शनिवार को यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) लॉन्च की। इससे केंद्र सरकार के कर्मचारी को ये तय करने का होगा कि उन्हें राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) में रहना है या यूनिफाइड पेंशन स्कीम में शामिल होना है। इसी तरह राज्य सरकारों के पास ये अधिकार होगा वे UPS के इस नए मॉड्यूल को अपनाने का फैसला कर सकती हैं। UPS 1 अप्रैल, 2025 से लागू होगा। पहले साल में योजना को लागू करने की लागत 6250 करोड़ रुपये होगी। UPS 2004 से NPS के तहत रिटायर सभी लोगों पर लागू होगी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, सरकारी कर्मचारियों ने नई पेंशन योजनाओं में कुछ बदलाव की मांग की है। इसके लिए पीएम मोदी ने कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी। इस समिति ने



अलग-अलग संगठनों और लगभग सभी राज्यों के साथ 100 से ज्यादा बैठकें कीं। मंत्री ने कहा, पीएम मोदी कैसे काम करते हैं और विपक्ष कैसे काम करता है, इसमें अंतर है। विपक्ष के उलट, पीएम मोदी व्यापक विचार-विमर्श करने में विश्वास करते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक और वर्ल्ड बैंक सहित सभी के साथ विस्तार परामर्श के बाद, समिति ने एक यूनिफाइड की सिफारिश की है। आज, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस यूनिफाइड को मंजूरी दे दी है, और इसे भविष्य में लागू किया जाएगा।"

मंत्री ने कहा, "आज केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एश्योर्ड पेंशन देने वाली सरकारी कर्मचारियों के लिए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (UPS) को मंजूरी दे दी है... 50% एश्योर्ड पेंशन योजना का पहला पिलर है... दूसरा पिलर एश्योर्ड फैमली पेंशन होगी।

# ...तो नहीं माना जाएगा SC-ST एक्ट के तहत अपराध

- **सुप्रीम कोर्ट ने दे दी जमानत**

**दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला सुनाया जिसमें देश की सर्वोच्च अदालत ने कहा कि एससी/एसटी समुदाय से आने वाले किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति का जिक्र किए बिना अपमानित करने की घटना को एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के कड़े प्रावधानों के तहत अपराध नहीं माना जाएगा। जस्टिस जे बी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने एक ऑनलाइन मलयालम समाचार चैनल के संपादक शाजन स्कारिया को अग्रिम जमानत देते हुए यह फैसला सुनाया।

आपको बता दें कि स्कारिया पर एससी/एसटी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि उन्होंने एससी समुदाय से आने वाले सीपीएम विधायक पीवी श्रीनिजन को 'माफिया डॉन' कहा था। ट्रायल कोर्ट और केरल हाईकोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### एक्ट में जाति का जिक्र जरूरीः सुको



संपादक की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा और गौरव अग्रवाल की दलीलों को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, एससी/एसटी समुदाय के किसी सदस्य का जानबूझकर किया गया अपमान या धमकी जाति-आधारित अपमान की भावना पैदा नहीं करती है।" कोर्ट ने कहा, हमारी राय में प्रथम दृष्टया ऐसा कुछ भी नहीं है जो यह संकेत दे कि स्कारिया ने यूट्यूब पर वीडियो प्रकाशित करके अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्यों के खिलाफ दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना की भावनाओं को बढ़ावा दिया।

# 15 दिनों में बार-बार हुई दोनों बच्चियों से दरिंदगी

- **बदलापुर कांड में सनसनीखेज खुलासा**



**मुंबई/ठाणे.** ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल में दो मासूम बच्चियों से यौन उत्पीड़न के मामले में सरकार द्वारा गठित दो सदस्यीय पैनल ने सनसनीखेज खुलासे किए हैं। समिति की प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि किंडरगार्टन की 3 और 4 साल की दोनों बच्चियों का एक बार नहीं बल्कि पिछले 15 दिनों के अंदर कई बार यौन शोषण किया गया है, जिसकी वजह से उनकी योनि की झिल्ली फट गई। किंडरगार्टन में पढ़ने वाली दो मासूम बच्चियों के साथ यौन उत्पीड़न की घटना ने बदलापुर में आक्रोश पैदा कर दिया था। इस मामले से निपटने में हुई लापरवाही को लेकर स्कूल प्रशासन और पुलिस कड़ी जांच के घेरे में हैं। समिति की जांच रिपोर्ट में इस मामले संभालने में विफल रहे स्कूल प्रसासन पर भी कई गंभीर सवाल उठाए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि स्कूल ने घटना की सूचना देने में देरी की, जबकि प्रिंसिपल ने 14 अगस्त को ही स्कूल के ट्रस्टी को सूचित कर दिया था। इसके बावजूद स्कूल प्रशासन ने संबंधित अभिभावकों को न तो सूचना दी और न ही उनसे मुलाकात की।

### चिकित्सा सुविधा मिलने में भी देरी

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जिस अस्पताल में बच्चियों का इलाज किया गया, वहां उन्हें चिकित्सा सुविधा मिलने में भी 12 घंटे की देरी की गई। इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपी अक्षय शिंदे की पहचान और पृष्ठभूमि की छानबीन किए बिना ही उसे स्कूल में काम पर रख लिया गया था। अक्षय ने एक अगस्त से ही संविदा कर्मचारी के तौर पर काम करना शुरू किया था। इंडिया टुडे की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि इस रिपोर्ट में महिला शौचालयों सहित स्कूल के सभी क्षेत्रों में उसकी बेरोकटोक पहुंच और पहचान पत्र न होने से बड़ी चूक हुई है।

# पुलिस पर दलित को जूते में पानी पिलाने का आरोप

## मां ने दर्ज कराई शिकायत; ACP ने शुरू की जांच

**कानपुर.** कानपुर के कल्याणपुर निवासी एक दलित महिला ने पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर नवशीलधाम चौकी इंचार्ज और दो दरोगाओं पर बेटे को रात भर बेरहमी से पीटने और जूते में पानी पिलाने का आरोप लगाया है। पुलिस पर दलित को जूते में पानी पिलाने का आरोप, मां ने दर्ज कराई शिकायत; ACP ने शुरू की जांच कानपुर, यूपी के कानपुर के कल्याणपुर निवासी एक दलित महिला ने पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर कल्याणपुर



थानाध्यक्ष, नवशीलधाम चौकी इंचार्ज और दो दरोगाओं पर बेटे को रात भर बेरहमी से पीटने और जूते में पानी पिलाने का आरोप लगाया है। जांच एसीपी कल्याणपुर खुद कर रहे हैं। थाना क्षेत्र में रहने वाली दलित महिला के अनुसार बेटा ई-रिक्शा चलाता है। एक पड़ोसी युवक भी ई-रिक्शा चालक है। 17 अगस्त को सवारी बैठाने को लेकर पड़ोसी युवक से कहासुनी के बाद मारपीट हो गई थी। जिसके बाद बेटा नवशीलधाम चौकी पहुंचा। पीछे से पड़ोसी युवक भी आ गया। यहां दोनों में समझौता हो गया। आरोप है कि चौकी के पीछे चौकी इंचार्ज और दो दरोगा शराब पी रहे थे। बेटे ने समझौते की बात कही तो तीनों उसे पीटने लगे। कहा पुलिस के पास आए हो तो 10 हजार रुपये लाओ। चौकी पहुंची महिला से अभद्रता की।

# पुलिस भर्ती बोर्ड का फुल प्रूफ प्लान सफल रहा, पेपर लीक के बिना पहले दिन की परीक्षा पूरी

- **उत्तर रेलवे 30 और 31 अगस्त को चलाएगा पांच स्पेशल ट्रेनें**

**लखनऊ,** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने पिछली बार पर्चा लीक होने से सबक लेते हुए इस बार कई तरह की नया प्लान बनाया था। तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के साथ पर्चे प्रिन्टिंग प्रेस से परीक्षा केन्द्रों तक भेजे गये। गाड़ियों के केन्द्र तक



पहुंचने और उसमें से पर्चा निकालने तक के लिये कोडिग की गई थी। इसी तरह से कई गोपनीय प्लान थे, जिनके बारे में तीन-चार अफसरों को ही पता था। यहां तक कि पर्चा खुलने तक बोर्ड के अफसरों को भी नहीं पता था कि कौन सा सेट किस परीक्षा केन्द्र पर खुलेगा। भर्ती बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण अपनी टीम के साथ 20 दिन से पर्चा केन्द्र तक पहुंचाने की व्यवस्था में लगे रहे थे। दो दिन पहले से ही सभी जिलों के एसपी व पुलिस लाइन के आरआई सम्पर्क में बने रहे। सबसे बड़ी जिम्मेदारी परीक्षा केन्द्रों तक सकुशल पर्चा पहुंचाने और फिर परीक्षा की हर तारीख की सुबह पर्चा

### सख्ती सिपाही भर्ती परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश नाकाम

सरकार के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बनी सिपाही भर्ती परीक्षा पहले दिन शुक्रवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। पर्चा लीक करने का प्रयास किया गया लेकिन चुस्त-दुरुस्त व्यवस्था की वजह से ऐसा नहीं हो सका। परीक्षा पहले दिन की दोनों पालियों में करीब 30 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। 67 जिलों के 1174 परीक्षा केन्द्रों में 61 अभ्यर्थी संदिग्ध पाये गये। इनके बारे में पूरा ब्योरा जुटाया जा रहा है। आगरा, महाराजगंज, रायबरेली से एक-एक और गोरखपुर से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं मुजफ्फरनगर में लापरवाही बरतने पर चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। शनिवार को भर्ती परीक्षा कादूसराचरणहोगा।

# 15 रुपए में भी नहीं बिकी PAK vs BAN मैच की टिकट?

- **अब PCB को मुंह की खानी पड़ी**

पाकिस्तान में क्रिकेट के कम होते क्रेज को देखते हुए पीसीबी काफी हताश है। इंटरनेशनल मैच हो या फिर पाकिस्तान सुपर लीग के मैच अधिकतर मुकाबलों में ग्राउंड आधे खाली नजर आते हैं। वहीं पाकिस्तान की तुलना में भारत में आईपीएल हो या इंटरनेशनल मैच मैदान हमेशा खचाखच भरे रहते हैं। इससे पीसीबी को आर्थिक रूप से भी काफी नुकसान हो रहा है। इस परेशानी से उबरने के लिए बोर्ड ने पिछले दिनों पाकिस्तान वर्सेस बांग्लादेश टेस्ट मैच के टिकट काफी सस्ते में बचे, मगर अब ऐसा लग रहा है कि कौड़ियों के भाव टिकट बेचने पर भी पीसीबी इस समस्य को हल नहीं कर पा रहा है। फैंस को स्टेडियम में बुलाने के लिए अब बोर्ड ने हैरतअंगेज फैसला लिया है। पीसीबी ने पाकिस्तान वर्सेस बांग्लादेश मुकाबले के सबसे सस्ते टिकट का दाम 50 पाकिस्तानी रुपए रखा था। जो भारतीय रुपए के हिसाब से मात्र 15 रुपए बैठता है। इसके बावजूद पहले टेस्ट के दौरान रावलपिंडी के मैदान पर दर्शक उम्मीद से काफी कम आए। फैंस को मैदान पर बुलाने के लिए पीसीबी की यह तरकीब काम नहीं की और पहले तीन दिनों पर मैदान पर काफी कम दर्शक दिखाई दिए। अब पीसीबी ने बड़ा कदम उठाते




हुए मैच के आखिरी दो दिनों के लिए टिकट ही फ्री कर दिए हैं। जी हां, हाल फिलहाल में आपने इससे पहले किसी पुरुष अंतरराष्ट्रीय मैच में फैंस की मैदान पर फ्री एंट्री होते हुए शायद ही देखा हो। पीसीबी ने फ्री एंट्री का ऐलान करते हुए कहा, ''टेस्ट के चौथे और पांचवें दिन के लिए निःशुल्क प्रवेश की पेशकश करने का निर्णय परिवारों और छात्रों को सप्ताहांत के दौरान बड़ी संख्या में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। प्रशंसक वीआईपी बाड़ों (इमरान खान और जावेद मियांदाद) से परिवारों के लिए निर्दिष्ट, साथ ही प्रीमियम बाड़ों (मीरन बख्श, शोएब अख्तर, सोहेल तनवीर और यासिर अराफात) से निःशुल्क खेल देख सकते हैं। दर्शकों को स्टेडियम में प्रवेश करने के लिए अपना मूल सीएनआईसी या बी-फॉर्म लाना आवश्यक है। हालांकि, निःशुल्क प्रवेश नीति पीसीबी गैलरी या प्लेटिनम बॉक्स के लिए खरीदे गए टिकटों पर लागू नहीं होगी।

**कार्रवाई** | अलकायदा मॉड्यूल के रूप में कर रहा था काम

# ATS के हत्थे चढ़े डॉ. इश्तियाक को मेडिका ने किया बर्खास्त

- **देश के भीतर 'खिलाफत' की घोषणा करने की थी मंशा**

**रांची.** अलकायदा इन इंडियन सब-कांटिनेंट (AQIS) के लिए झारखंड मॉड्यूल के सरगना के रूप में काम कर रहे डॉ इश्तियाक अहमद को रांची स्थित भगवान महावीर मेडिका अस्पताल प्रबंधन ने बर्खास्त कर दिया है। इस बारे में क्रिटिकल केयर के हेड डॉ विजय कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बताया कि उसके खिलाफ एटीएस (एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड) की कार्रवाई की जानकारी मिलते ही प्रबंधन ने उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। मिश्रा ने बताया कि



इश्तियाक बीते कई वर्षों से इस अस्पताल से जुड़ा था। वह मूल रूप से जमशेदपुर का रहने वाला है और मेडिका अस्पताल में पिछले कई वर्षों से बतौर रेडियो डायग्नोसिस कंसल्टेंट काम कर रहा था। बता दें कि गिरफ्तारी के बाद डॉ इश्तियाक के राज एक-एक करके सामने आ रहे हैं। इससे एक दिन पहले गुरुवार को दिल्ली पुलिस ने झारखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से 11 लोगों को गिरफ्तार किया था और तीन लोगों को हिरासत में लेकर अलकायदा के एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया था। खुफिया जानकारी मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने इन राज्यों की ATS पुलिस के साथ मिलकर एक अभियान चलाकर यह सफलता हासिल की थी। छापेमारी के दौरान राजस्थान के भिवाड़ी से छह लोगों को हथियारों का प्रशिक्षण लेते समय गिरफ्तार किया गया। इन लोगों की पहचान हसन अंसारी, इनामुल अंसारी, अल्ताफ अंसारी, अरशद खान, उमर फारूक और शाहबाज अंसारी के रूप में हुई थी और वे सभी झारखंड के मूल निवासी थे। ये लोग पिछले कुछ दिन से राजस्थान में रह रहे थे।

# कांग्रेस विधायक मेवाणी को सदन से बाहर निकाला

**गुजरात विधानसभा में हंगामा**

**गांधीनगर,** गांधीनगर, गुजरात कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी को शुक्रवार को मानसून सत्र के आखिरी दिन बहस के दौरान हंगामा करने और सदन के वेल में प्रवेश करने के लिए स्पीकर शंकर चौधरी के निर्देश पर राज्य विधानसभा से बाहर निकाल दिया गया।

स्पीकर द्वारा मेवाणी को बाहर करने का आदेश दिए जाने के बाद सार्जेंटों ने बिना कोई बल प्रयोग किए उन्हें विधानसभा से बाहर निकाल दिया। गुजरात पुलिस द्वारा नशीली दवाओं की जब्ती पर बहस के दौरान मेवाणी खड़े हो गए और सत्ता पक्ष पर चिल्लाने लगे। साथ ही भाजपा सरकार को बलात्कार जैसे अन्य ज्वलंत मुद्दों पर बहस करने की चुनौती दी। गुजरात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष मेवाणी वेल की ओर बढ़े और गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी को राजकोट गेम जोन में आग, मोरबी पुल ढहने और वडोदरा नाव पलटने की घटना जैसी त्रासदियों पर लाइव टेलीविजन पर बहस करने की चुनौती दी। अध्यक्ष द्वारा मर्यादा बनाए रखने के बार-बार अनुरोध करने के बावजूद विधायक अपनी सीट के पास खड़े होकर बहस की मांग करते रहे और वेल में चले गए। इस वजह से अध्यक्ष को उन्हें बाहर निकालना पड़ा। चौधरी ने मेवाणी के व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक ने इस तरह के कृत्य से संविधान का अपमान किया है।

## जाहिरनामा

सर्व लोकांना जाहीरपणे सुचित करणेत येते की, खाली नमूद केलेली जमीन अर्जदार श्रीम. पुजा समीर गायकवाड, रा.505, अंबर रेसीडेंन्सी, कमलाकर नगर, अंबरनाथ (प.), ता.अंबरनाथ, जि.ठाणे यांचे दि.8/08/2024 रोजीचे रहिवास या प्रयोजनासाठी महाराष्ट्र जमीन महसूल संहिता 1966चे कलम 42 (क) अन्वये बांधकाम परवानगी मिळणेबाबत अर्ज सादर केलेला आहे. सदर मालमत्तेत कुणाचा हक्क वा आक्षेप असल्यास ही नोटिस प्रसिद्ध झाल्याच्या दिनांकापासून 15 दिवसांचे आत आपले हक्काचे संदर्भात पुराव्यासह लेखी या कार्यालयास कळवावे. मुदतीत प्राप्त न झालेल्या आक्षेपावर विचार करण्यात येणार नाही याची नोंद घ्यावी.

**जमिनीचा तपशिल**

| तालुका | गांवाचे नांव | स.नं./हि.नं. | क्षेत्र (चौ.मी.) | कब्जेदाराचे नांव |
|---|---|---|---|---|
| कल्याण | भिसोळ | 2/6 | 6400.00 पैकी 1000.00 | पुजा समीर गायकवाड |

क्र. महसूल/कक्ष-1/टे-7/बां.प./एसआर-09/2024
जिल्हाधिकारी कार्यालय ठाणे
दिनांक :-13/08/2024

सही/-
**(रेवण लेंभे)**
तहसीलदार (महसूल)
जिल्हाधिकारी कार्यालय ठाणे

## कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,

**सा.बां. विभाग क्र.1, ठाणे.**
**स्टेशन रोड, ठाणे- 400 601**

| | | |
|---|---|---|
| www.mahapwd.com | Fax-(022) 25677240 | Email- thanel.ee@mahapwd.gov.in |
| जा. क्र ठावि/निविदा/8972 | दुरध्वनी - 25369293 | दिनांक :- 21/08/2024 |

**ई-निविदा शुध्दीपत्रक क्र.2 (वेळापत्रक)**

कामाचे नाव :- प्रादेशीक मनोरुग्णालय ठाणे या संस्थेचे श्रेणीवर्धन व पुनर्निमाण करणे तालूका जि. ठाणे अंदाजित रक्कम रु. 43011.00

संदर्भः- निविदा सुचना क्र. 11 सन 2024-25 या कार्यालयाचे पत्रक्र.जा.क्र/ठावि/निविदा/7440 दि. 16/07/2024.

| अ.क्र. | निविदा | पुर्वी प्रसिध्द झालेला मजकुर / दिनांक | बदल करण्यात आलेला मजकुर / दिनांक |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा विक्री | 23.07.2024 ते 13.08.2024 | 09.07.2024 ते 22.07.2024 |
| 2. | निविदापुर्व बैठक | 1.8.2024 | 10.9.2024 |
| 3. | निविदा उघडण्याचा दिनांक | 14.08.2024 | 20.09.2024 |

सही/-
**कार्यकारी अभियंता**
सा.बां. विभाग क्र.1, ठाणे

## संक्षेप...

### बड़े उत्साह के साथ होगा संकल्प दहीहंडी का आयोजन

**ठाणे.** संकल्प प्रतिष्ठान की ओर से तमाम धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है। शिवसेना उपनेता व संकल्प प्रतिष्ठान के अध्यक्ष रविंद्र फाटक ने बताया कि विश्व रिकॉर्ड तोड़ने वाले गोविंदा पथक को 21लाख रुपये का ईनाम दिया जायेगा।जो गोविंदा पथक पहले 9 थर लगाने वाले को 11 लाख रुपये का इनाम दिया जायेगा और इसके बाद 9 थर लगाने वाले गोविंदा पथक को लाखों का ईनाम मिलेगा। इस भव्य दहीहंडी कार्यक्रम में कुल 3 हंडी के थर का अनुभव मिलेगा। तीसरी हंडी महाराष्ट्र के मेरी प्यारी बहनों के विशेष सम्मान के लिए बांधी जायेगी.

# महायुति सरकार के खिलाफ कल्याण में ठाकरे गुट का मौन विरोध प्रदर्शन

- काली पट्टी बांधकर जताया विरोध
- महिला सुरक्षा को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश

उल्हास विकास संवाददाता



**कल्याण.** शनिवार को बदलापुर घटना के खिलाफ कल्याण पूर्व में शिवसेना (उबाठा) के कार्यकर्ताओं ने मौन विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर ठाकरे गुट के जिला संपर्क प्रमुख हर्षवर्धन पालांडे की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर राज्य की महायुति सरकार के खिलाफ अपना विरोध जताया। बतादें कि बदलापुर में हुई दो बच्चियों के यौन शोषण की घटना ने पूरे महाराष्ट्र को झकझोर कर रख दिया। इस घटना को मुद्दा बनाकर विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी ने शनिवार 24 अगस्त को महाराष्ट्र बंद का आह्वान किया था। हालांकि मुंबई हाईकोर्ट ने बंद पर रोक लगा दी। जिसके बाद पूरे राज्य में महाविकास ने सरकार के प्रति अपना रोष व्यक्त करने के लिए काली पट्टी बांधकर कर मौन विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में कल्याण पूर्व के काटेमानिवली चौक में ठाकरे गुट के कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांध शांतिपूर्ण तरीके से सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के माध्यम से महिला सुरक्षा के मुद्दे को उजागर किया गया और सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की गई। मौन विरोध प्रदर्शन में नारायण पाटील, आशा रसाल, विजय मोरे, अनिल वर्मा, अमित उपाध्याय, तेजस सावंत, सचिन लिगड़े, अनिल जगताप, आशीष गुप्ता, परिपोष सिंह आदि ठाकरे गुट, शरद पवार गुट और कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे।

# सांसद सुरेश म्हात्रे के नेतृत्व में आंदोलन




**भिवंडी.** बदलापूर में बच्ची पर हुई अत्याचार की घटना का तीव्र आक्रोश संपूर्ण देश में हो रहा है.महाराष्ट् में शनिवार को आयोजित बंद उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद स्थगित किए जाने पर संपूर्ण राज्य में जगह जगह काला फीता बांधकर महाविकास आघाडी की तरफ से आंदोलन किया गया. भिवंडी शहर में सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा की अगुवाई में स्वर्गीय आनंद दिघे चौक पर बदलापुर में हुई अमानवीय घटना के विरोध में निषेध आंदोलन किया गया. उक्त अवसर पर शिवसेना शहर प्रमुख प्रसाद पाटील,शिवसेना महिला उपजिला संघटक कविता भगत,राष्ट्रवादी शरद पवार गट जिला महिला अध्यक्षा डॉ रुपाली कराले,शिवसेना तालुका महिला संघटक फशीताई पाटील,कोमल पाटील,भावना ढमणे,कॉंग्रेस तालुका प्रमुख विजय पाटील, कॉंग्रेस पदाधिकारी पंढरी भोईर, दिलीप नाईक,।महेंद्र कुंभारे,नाना झलके, गोकुल कदम सहित शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे,राष्ट्रवादी कॉंग्रेस शरदचंद्र पवार व कॉंग्रेस ग्रामीण भाग के पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में सहभागी हुए.

भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के समय में जल्द न्याय मिलने से आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने की लोग सोचते भी नहीं थे. कोर्ट को अपराधियों पर सख्त कार्यवाही अविलंब करनी चाहिए जिससे पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके. राष्ट्रवादी कॉंग्रेस शरदचंद्र पवार पक्ष ठाणे जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. रूपाली कराले ने कहा कि,कोर्ट को नराधम आरोपी को फांसी की सजा देनी चाहिए. जिस स्कूल में छात्र छात्राओं पर अत्याचार हो उसके स्कूल व्यवस्थापक पर आपराधिक मामला दाखिल करना चाहिए. विद्यालय प्रांगण में सीसीटीवी नहीं लगाने वाले एवम बच्चियों की सुरक्षा पर पुख्ता ध्यान नहीं देने वाले स्कूल व्यवस्थापन पर कड़क कार्यवाही करनी चाहिए.

# रहिवासी मार्ग पर खड़े वाहनों से हादसों का खतरा

- ट्रैफिक विभाग को पत्र देकर वाहनों पर एक्शन की मांग

उल्हास विकास संवाददाता




**भिवंडी.** भिवंडी-कल्याण मार्ग स्थित साईं बाबा मंदिर के आगे पद्मदिशा पैराडाइज, ओम साईं सोसायटी टेमघर मार्ग पर खड़े भारी वाहनों से रहिवासियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है. सड़क पर खड़े ट्रक,टेंपो से आवागमन बाधित होने से हादसों का खतरा बढ़ने से क्षेत्रीय लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है.

पद्मदिशा सोसाइटी निवासी समाजसेवक हनुमान दत्त शुक्ला ने ट्रैफिक विभाग कोन गांव की बायपास स्थित पुलिस चौकी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर रहिवासी मार्ग पर अकारण ही खड़े वाहनों पर दंडात्मक कार्यवाही किए जाने की मांग की है.

गौरतलब हो कि, मुंबई-नासिक महामार्ग स्थित राजनोली नाका बायपास स्थित ट्रैफिक विभाग पुलिस चौकी को दिए शिकायत पत्र में समाजसेवी हनुमान दत्त शुक्ला ने शिकायत की है कि,पद्मदिशा पैराडाइज एवम ओम साईं सोसायटी के प्रमुख मार्ग पर सुबह से रात तक अवैध रूप से वाहन चालकों द्वारा अकारण ही दर्जनों ट्रक,टेंपो खड़े किए जाते हैं.सड़क पर खड़े वाहनों से रहिवासियो को अपनी सोसाइटी में जाने-आने में भारी कठिनाई उठानी पड़ती है.कई बाद बाइक सवार ट्रकों से भिड़ते हुए जमीन पर गिरकर घायल हो जाते हैं.हैवी वाहनों के आवागमन से हमेशा हादसों के होने का खतरा मंडराता रहता है.

2 दिन पूर्व ही छोटी बच्ची ट्रक की चपेट में आने से बाल-बाल बच गई.क्षेत्रीय रहिवासियो का आरोप है कि, ट्रक,टेंपो के चालक लोगों द्वारा वाहन सड़क से हटाने की बात को लेकर झगड़े और हाथापाई पर उतारू हो जाते हैं.

भिवंडी में ट्रैफिक विभाग की लापरवाही से वाहन चालक कहीं भी बाइक,ट्रक,टेंपो खड़ी कर जाम को बढ़ावा देते हैं. मानसरोवर जाने वाला खदान रोड, कालेज रोड, अशोक नगर रोड,भादवाड मार्ग, वराला देवी रोड,अजय नगर आदि एरिया में अनधिकृत रूप से खड़े वाहनों से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है.लोगों का कहना है कि ट्रैफिक विभाग को ऐसे वाहन चालकों से दंड वसूल करना चाहिए.

# भिवंडी में महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले व्यक्ति पर मामला दर्ज

**भिवंडी.** शहर में एक महिला को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 25 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।एक अधिकारी ने बताया कि भिवंडी पुलिस ने बृहस्पतिवार को आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत मामला दर्ज किया।

वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। प्राथमिकी के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर 35 वर्षीय एक महिला का यौन उत्पीड़न किया। अधिकारी ने बताया कि महिला ने 20 अगस्त को अपने घर की रसोई में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने शुरुआत में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया था, लेकिन पीड़िता के एक रिश्तेदार ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# डॉ. मंजू लोढ़ा उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के चलते को मिला अवार्ड




**मुंबई।** उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के चलते लोढ़ा फाउंडेशन की चेयरमैन तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ मंजू मंगलप्रभात लोढ़ा को स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर मुंबई प्रेस क्लब में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में weici india 1000 गौरव सम्मान अवार्ड – प्राइड ऑफ इंडिया 2024 प्रदान किया गया। अवार्ड की संस्थापक ममता सिंह ने डॉ मंजू लोढ़ा द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह आदिवासी और पिछड़े इलाकों में भी लोढ़ा फाउंडेशन द्वारा मानवीय मदद और आर्थिक सहायता की जा रही है। डॉ मंजू लोढ़ा ने बड़े सम्मान के लिए ममता सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज सेवा को लेकर उनका संकल्पित प्रयास लगातार जारी रहेगा।

# एसएसटी महाविद्यालय में 'चालिया हार्मनी' उत्सव का रंगारंग आयोजन






- सिंधी संस्कृति का अद्वितीय दर्शन



**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय ने विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति के मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से हमेशा से ही विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया है। इसी श्रृंखला में सिंधी समाज के पवित्र 'चालिया उत्सव' का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को सिंधी संस्कृति की अनोखी झलक देखने को मिली।

सिंधी समाज में चालिया उत्सव का विशेष महत्व है, जिसमें श्रावण माह के दस दिन पहले से शुरू होकर 40 दिनों का उपवास किया जाता है। इस अवसर पर उल्हासनगर पांच स्थित चालिया मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। इस उत्सव का मुख्य आकर्षण पाकिस्तान से उल्हासनगर की स्थापना के समय लाई गई अखंड ज्योत है, जो आज भी प्रज्वलित है।

महाविद्यालय के कॉमर्स विभाग ने 'चालिया हार्मनी' नाम से इस उत्सव का आयोजन किया, जिसमें भगवान झूलेलाल और बहराणा साहब की पूजा महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने की। इसके बाद स्वामी शांति प्रकाश मंडल के सेवधारियों ने सिंधी भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक ताल मिलाई।

इस उत्सव के दौरान श्रीकृष्ण और भगवान झूलेलाल विद्यार्थियों से मिलने आए थे। उल्हासनगर पांच स्थित चालिया मंदिर में चालिया की चादर चढ़ाकर बहराणा साहब का तालाब में विसर्जन किया गया। इस सफल आयोजन में कॉमर्स विभाग की प्रो. कुमकुम गुरबानी ने विशेष योगदान दिया।

इस उत्सव से विद्यार्थीयोको सिंधी संस्कृती की समृद्ध परंपरा का अनुभव हुआ। तथा उनके मन मे एकता और सौहार्द की भावना निर्माण हुई।

# मनपा ने 2360 करोड़ की फिक्स डिपॉजिट समय से पहले तोड़ दी



**मुंबई.** आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली को मुंबई मनपा ने जानकारी दी है कि पिछले 5 साल में 2360 करोड़ की फिक्स डिपॉजिट समय से पहले तोड़ दी गई है। इसमें बेस्ट को बोनस देने के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट को 6 बार पहले तोड़ा गया है।

आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मुंबई मनपा से पिछले 5 वर्षों में फिक्स्ड डिपॉजिट को शीघ्र समाप्त करने की जानकारी मांगी थी। मनपा के उप मुख्य लेखाकार (राजस्व 2) ने अनिल गलगली को 8 फिक्स्ड डिपॉजिट की सूची दी जो समय से पहले टूट गई थीं। 2360 करोड़ 20 लाख 19 हजार रुपये टूटे हुए फिक्स्ड डिपॉजिट की रकम है।

## कर्मचारियों के लिए तोड़ी गई 645.20 करोड़ की फिक्स्ड डिपॉजिट

गणेशोत्सव उत्सव से पहले कर्मचारियों के पेंशन धारकों के अगस्त का वेतन/पेंशन बोनस का भुगतान करने के लिए 29 अगस्त 2022 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से 645,20,07,000 रु.करोड़ की फिक्स्ड डिपॉजिट रकम तोड़ी गई।

## एमएमआरडीए को 949.50 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया

एमएमआरडीए को सब्सिडी देने के लिए 15 मार्च 2024 को भारतीय स्टेट बैंक में 949,50,00,000 रुपये की फिक्स्ड डिपॉजिट रकम तोड़कर दी गई।

## बेस्ट को 756.50 करोड़ का भुगतान

वर्ष 2019-2020 में 19 अगस्त 2019 को 250 करोड़ और की 113 करोड़ की फिक्स्ड डिपॉजिट को बेस्ट को सब्सिडी देने के लिए तोड़ा गई। 21 अगस्त 2019 को सब्सिडी देने के लिए 115 करोड़ की फिक्स्ड डिपॉजिट को फिर से तोड़ दिया गया। सभी फिक्स्ड डिपॉजिट भारतीय स्टेट बैंक में थे। वर्ष 2022-23 के 25 मार्च को क्रमशः 100 करोड़, 92.06 करोड़ और 87.06 करोड़ की 3 फिक्स्ड डिपॉजिट को एक ही दिन में तोड़े गए। सभी फिक्स्ड डिपॉजिट भारतीय स्टेट बैंक में थे।

# हाईवे पर मिला लापता एक व्यक्ति का शव

**मुंबई.** लापता हुए दो लोगों में से एक का शव पेन-खोपोली स्टेट हाईवे पर मिला है। पेन के गागोडे गांव के पुलिस पाटिल ने शुक्रवार दोपहर स्टेट हाईवे के किनारे झाड़ियों में शव मिलने की सूचना पुलिस को दी। शव की पहचान रियल एस्टेट एजेंट सुमित जैन (35) के रूप में हुई, जो 21 अगस्त, बुधवार की रात नेरुल से आमिर खानजादा (40) के साथ लापता हो गया था। खानजादा सेक्टर 27 और जैन सेक्टर 4 नेरुल में पिछले तीन साल से रियल एस्टेट के कारोबार से जुड़े हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से वे रोजाना किसी क्लाइंट से 'मीटिंग' के लिए घर से बाहर निकलते थे और देर रात घर लौटते थे।

नेरुल पुलिस स्टेशन के एक पुलिस अधिकारी ने बताया, ₹बुधवार रात करीब 11 बजे वे घर से निकले लेकिन 1 बजे के बाद भी वापस नहीं आए तो परिवार ने उनकी तलाश शुरू कर दी। खानजादा का भाई जो पुणे में है, गुरुवार सुबह नेरुल आया जब उसे पता चला कि वह लापता है। खानजादा द्वारा इस्तेमाल की गई कार में जीपीएस था जिसे भाई ने रिचार्ज किया और खालापुर में लोकेशन पाया और कार की तलाश में निकल पड़ा। जब उन्हें कार में कोई नहीं मिला तो उन्होंने हमें सूचित किया और गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।₹ पुलिस के अनुसार, जैन और खानजादा दोनों के खिलाफ कभी कोई मामला दर्ज नहीं हुआ और न ही उन्होंने किसी तरह की धमकी की शिकायत की है।

# पवई के आरे कॉलोनी में पानी की बड़ी पाइप फटने से हजारों लीटर पानी बर्बाद

**मुंबई.** मुंबई को पानी की आपूर्ति करने वाली एक प्रमुख कंपनी तानसा पाइपलाइन शुक्रवार दोपहर पवई के आरे कॉलोनी में फट गई। भारी रिसाव के कारण हजारों लीटर पीने का पानी बर्बाद हो गया। रिसाव के कारण अंधेरी ईस्ट, बांद्रा ईस्ट, बेहरामपाड़ा, बांद्रा रेलवे टर्मिनस और वर्ली, लोअर परेल के इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी, नगर निकाय ने जानकारी दी है। पानी की पाइपलाइन फटने का वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हुआ। बीएमसी के प्रेस बयान के अनुसार, शुक्रवार को दोपहर 12.46 बजे पवई के आरे कॉलोनी में गौतम नगर, पोस्ट नीती में पानी की पाइपलाइन लीक होने की घटना की सूचना सीपी नियंत्रण कक्ष को दी गई।




# कृति सेनन का आज भी अपने पिता के साथ ज्वाइंट बैंक खाता



कृति सेनन इस वक्त हिंदी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। वह अपनी बहुमुखी अभिनय क्षमता से हर फिल्म के साथ दर्शकों के मन में अपनी छाप छोड़ती जा रही हैं। उन्हें 'बरेली की बर्फी' और 'मिमी' जैसी महिला प्रधान भूमिकाओं में काफी सराहना भी मिली। इसके अलावा उन्हें फिल्म मिमी में शानदार अभिनय के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुका है। इस बीच अभिनेत्री ने खुलासा किया है कि अभी भी उनका अपने पिता राहुल सैनन के साथ बैंक में एक ज्वाइंट बैंक अकाउंट है।

एक दशक के अपने फिल्मी सफर में कृति सेनन ने कई सुपरहिट फिल्में की हैं। हाल में ही निखिल कामथ के साथ एक इंटरव्यू के दौरान अभिनेत्री ने अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि और फिल्मी करियर को लेकर बात की है। उन्होंने कहा, मैं निश्चित रूप से कहूंगी कि मैं काफी भाग्यशाली रही हूं। मैं एक मध्यम वर्गीय परिवार से आती हूं, लेकिन ऐसा नहीं है कि इसकी वजह से मुझे कभी काम करने की ज़रूरत महसूस हुई या पैसे कमाने के लिए सोचना पड़ा। मेरे पिता के साथ मेरा ज्वाइंट बैंक अकाउंट है। मुझे ये भी नहीं पता कि कितना पैसा आ रहा है और कितना जा रहा है।










यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099